
आज

प्रयागराज, मंगलवार २८ जनवरी, २०२५

# कोरमें गणतंत्र दिवस समारोहकी धूम, राष्ट्रीय ध्वजको दी सलामी

केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संघटन(कोर)के कार्यालय परिसर में ७६वां गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास से मनाया गया। कोर महाप्रबंधक संजय कुमार श्रीवास्तव ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर रेल सुरक्षा बल के जवानों ने राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई और एक आकर्षक परेड भी प्रस्तुत किया। महाप्रबन्धक ने इस अवसर पर कोर के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। महाप्रबन्धक ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ीकरण के लिए विद्युत कर्षण की महत्ता को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार ने वर्ष १९५१ में पहली बार रेल मार्गों के विद्युतीकरण के लिए रेल विद्युतीकरण परियोजना कार्यालय (पोर) की स्थापना कोलकाता में की। कालान्तर में इस संघटन के मुख्यालय एवं स्वरूप में कुछ बदलावों के उपरान्त १९७९ में केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संघटन (कोर) मुख्यालय की स्थापना प्रयागराज में की गई थी। तभी से यह संघटन अपने लक्ष्यों पर निरन्तर कार्य कर रहा है। पिछले कुछ वर्षों में रेल विद्युतीकरण के कार्य में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है, इसमें कोर ने सम्पूर्ण विद्युतीकरण का लगभग ७५% कार्य यानि ४८०२९ मार्ग किलोमीटर अकेले ही पूर्ण किया और रोजगार सृजन के साथ देश की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दिया। यह उपलब्धि हमारे अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उच्च क्षमता एवं प्रतिबद्धता को दर्शाती है। महाप्रबन्धक के संदेश के पश्चात भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें महाकुंभ-२०२५ एवं गणतन्त्र दिवस से संबन्धित नृत्य नाटिका और गीत इत्यादि की प्रस्तुति की गई इस अवसर पर महाप्रबन्धक कोर ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रतिभागियों और सहयोगी विभागों के लिए कई पुरस्कारों की घोषणा भी की। श्रीमती वंदना श्रीवास्तव, अध्यक्षा/रीवो ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के कलाकारों को पुरस्कार वितरण किया।



'समय से पहले' 'समय' पर नजर
प्रयागराज, मंगलवार 28 जनवरी, 2025

# केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन, प्रयागराज में गणतंत्र दिवस समारोह की धूम



प्रयागराज। केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन, प्रयागराज के कार्यालय प्रांगण में 76वां गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास से मनाया गया। संजय कुमार श्रीवास्तव, महाप्रबन्धक/कोर ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर रेल सुरक्षा बल के जवानों द्वारा राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई और एक आकर्षक परेड भी प्रस्तुत किया गया। महाप्रबन्धक महोदय ने इस अवसर पर कोर के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी।

महाप्रबन्धक ने अपने सम्बोधन में कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ीकरण हेतु विद्युत कर्षण की महत्ता को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार ने वर्ष 1951 में पहली बार रेल मार्गों के विद्युतीकरण हेतु रेल विद्युतीकरण परियोजना कार्यालय (पोर) की स्थापना कोलकाता में की। कालान्तर में इस संगठन के मुख्यालय एवं स्वरूप में कुछ बदलावों के उपरान्त 1979 में केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन (कोर) मुख्यालय की स्थापना प्रयागराज में की गई थी। तभी से यह संगठन अपने लक्ष्यों पर निरन्तर कार्य कर रहा है। पिछले कुछ वर्षों में रेल विद्युतीकरण के कार्य में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है, इसमें कोर ने सम्पूर्ण विद्युतीकरण का लगभग 75% कार्य यानि 48029 मार्ग किलोमीटर अकेले ही पूर्ण किया और रोजगार सृजन के साथ देश की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दिया। यह उपलब्धि हमारे अधिकारियों व कर्मचारियों की उच्च क्षमता एवं प्रतिबद्धता को दर्शाती है। महाप्रबन्धक ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन द्वारा कर्नाटक राज्य के हुब्बल्लि - चीक्कबाणावार, उत्तर प्रदेश राज्य के प्रतापगढ़ -सुल्तानपुर- अयोध्या कैंट -अयोध्या धाम - अकबरपुर, पंजाब राज्य के जालंधर-जम्मूतवी-उधमपुर-कटरा, मध्य प्रदेश राज्य के इटारसी-कटनी-छिवकी, राजस्थान राज्य के अजमेर -पालनपुर, तमिलनाडु राज्य के तिरुच्चिराप्पल्लि - विरुदुनगर इत्यादि महत्वपूर्ण खंडों के विद्युतीकरण का कार्य किया गया है। महाप्रबन्धक के संदेश के पश्चात भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें महाकुंभ-2025 एवं गणतन्त्र दिवस से संबन्धित नृत्य नाटिका और गीत इत्यादि की प्रस्तुति की गई इस अवसर पर महाप्रबन्धक कोर ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रतिभागियों और सहयोगी विभागों के लिए कई पुरस्कारों की घोषणा भी की। श्रीमती वंदना श्रीवास्तव, अध्यक्षा/रीवो, ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के कलाकारों को पुरस्कार वितरण किया।

अमर उजाला

प्रयागराज | मंगलवार, 28 जनवरी 2025



केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन कार्यालय में महाप्रबंधक संजय कुमार ने ली परेड की सलामी। अमर उजाला

हिन्दुस्तान
प्रयागराज, मंगलवार, 28 जनवरी 2025

केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन के कार्यालय प्रांगण में 76वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। महाप्रबंधक कोर संजय कुमार श्रीवास्तव ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर रेल सुरक्षा बल के जवानों ने राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई और एक आकर्षक परेड भी प्रस्तुत किया गया।